प्रेषक,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
प्रयागराज।

सेवा में,

समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या,
सी०बी०एस०ई०,आई०सी०एस०ई० बोर्ड,
हाईस्कूल/इण्टर जनपद–प्रयागराज।

पत्रांक/अनु०खेल/7489-93 /2020–21 दिनांक : 26.10.2020

**विषय–दिनांक 31 अक्टूबर, 2020 को सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती को "राष्ट्रीय एकता दिवस" के रूप में मनाये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शिक्षा निदेशक (मा०), उ०प्र० लखनऊ के पत्रांक/शिविर/21864–21967/2020–21 दिनांक 22 अक्टूबर, 2020 के द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में अवगत कराना है कि दिनांक 31 अक्टूबर, 2020 को सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती को "राष्ट्रीय एकता दिवस" के रूप में मनाये जाने हेतु संस्थान द्वारा माध्यमिक शिक्षा एवं उच्च शिक्षा के सहयोग से निबन्ध प्रतियोगिता कराया जाना है निबन्ध प्रतियोगिता का विषय एवं दिशा निर्देश निम्नवत् है–

## विषय

1. **"आतंकवाद एवं नक्सलवाद राष्ट्रीय एकता के सबसे बड़े बाधक"**
2. **"राष्ट्रवाद एवं मानवतावाद"**

## दिशा–निर्देश

1. प्रतियोगिता दो स्तर जिसमें दोनों वर्गों के प्रथम पर आयोजित की जायेगी (माध्यमिक एवं उच्च स्तर) द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान की ओर से पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया जायेगा।
2. प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान की वेबसाइड - upjvri.got.in पर दिनांक 28.10.2020 तक प्रतिभागी अपना पंजीकरण करा सकेंगे।
3. विद्यार्थियों द्वारा निबन्ध लिखकर दिनांक 31.10.2020 को 11:30 से 12:30 बजे के मध्य उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान द्वारा दिये गये विषय निबन्ध, संस्थान के उक्त वेब पोर्टल7पर पी०डी०एफ० फार्मेट पर अपलोड कराना अनिवार्य है।
4. राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सरदार बल्लभ भाई पटेल की जीवनी एवं कार्य दर्शन पर माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा एक क्विज प्रतियोगिता ऑनलाईन/आफलाइन (जैसा संभव हो सकेगा) आयोजित करायी जायेगी। इस क्विज प्रतियोगिता में विजयी 05 प्रतिभागियों को सरदार सरोवर बांध परियोजना के अन्तर्गत बनाई गयी "स्टैच्यू ऑफ यूनिटी" (पटेल जी की मूर्ति एवं स्थल) का शैक्षिक भ्रमण की व्यवस्था पर्यटन विभाग द्वारा करायी जायेगी।

5. दिनांक 31.10.2020 को सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस/"राष्ट्रीय एकता दिवस" के अवसर पर सभी कार्यालयों तथा विद्यालयों में पूर्वान्ह 11:00 बजे निम्नवत् शपथ ग्रहण करायी जाय।

**शपथ**

**"मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार बल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा सम्भव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ।"**

अतः उक्त के सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि **राष्ट्रीय एकता दिवस** दिनांक 31 अक्टूबर, 2020 को उपरोक्त में अंकित कार्यक्रमानुसार एवं संलग्न पत्र की छायाप्रति के अनुसार अपने विद्यालय में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं से कार्यक्रम का आयोजन कराते हुए कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें, जिससे उक्त सूचना उच्चाधिकारियों की सेवा में प्रेषित की जा सकें।

**संलग्नक–उक्तवत्**

भवदीय

26.10.2020

(आर०एन०विश्वकर्मा)
जिला विद्यालय निरीक्षक
प्रयागराज

पृष्ठांकन संख्या/अनु०खेल/7489-93 /2020–21 तद्दिनांक :
प्रतिलिपि–निम्नलिखित अधिकारियों की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।

1. जिलाधिकारी, प्रयागराज।
2. शिक्षा निदेशक (मा०) उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. अपर जिलाधिकारी, अधिकारी (नगर), प्रयागराज।
4. संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रयागराज मण्डल प्रयागराज।

26.10.2020

(आर०एन०विश्वकर्मा)
जिला विद्यालय निरीक्षक
प्रयागराज